**राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026**

**समावेशी शिक्षा की प्रेरक डॉ. मनीषा खेत्रपाल को भारत की मा. राष्ट्रपति ने किया सम्मानित**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एनएफआर रंगिया, असम की मुख्य अध्यापिका डॉ. मनीषा खेत्रपाल को शिक्षक दिवस 2026 के अवसर पर भारत की मा. राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। समावेशी शिक्षा और बुनियादी साक्षरता के प्रति 21 वर्षों की प्रतिबद्धता के लिए उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. खेत्रपाल ने प्रोजेक्ट दिव्यमित्र, लर्निंग बेंच और एआई-एकीकृत शिक्षण जैसी अभिनव पहलों के माध्यम से सीखने को आनंददायक और सभी विद्यार्थियों के लिए सुलभ बनाया है। एक मास्टर ट्रेनर के रूप में उन्होंने पूरे असम में हजारों शिक्षकों को सशक्त बनाया है। उन्होंने वंचित विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें वैश्विक शैक्षणिक उपलब्धियों की दिशा में आगे बढ़ाया है। डॉ. खेत्रपाल ने दिव्यांगता समावेशन और विद्यार्थी कल्याण को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शिक्षा में नवाचार, समान अवसर और संवेदनशीलता के प्रति उनका समर्पण उन्हें एक प्रेरणादायी शिक्षिका के रूप में स्थापित करता है।

